भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
23.09.2020 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1548 का उत्तर

गदग-वाड़ी रेलवे लाइन परियोजना

1548 श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक राज्य में चल रही गदग-वाड़ी नई रेलवे लाइन परियोजना सहित निर्माणाधीन परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है;

(ख) गदग-वाड़ी नई रेलवे लाइन परियोजना के लिए कितनी राशि दी गई है; और

(ग) यह परियोजना कब तक पूरी होने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

Sk

गदग-वाड़ी रेलवे लाइन परियोजना के संबंध में दिनांक 23.09.2020 को राज्य सभा में श्री मल्लिकार्जुन खरगे के अतारांकित प्रश्न सं. 1548 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क): रेल परियोजनाओं को क्षेत्रीय रेलवे-वार स्वीकृत किया जाता है, न कि राज्य-वार, क्योंकि रेलवे नेटवर्क विभिन्न राज्यों की सीमाओं के पार तक फैला हुआ है। बहरहाल, दिनांक 01.04.2020 तक गदग-वाडी नई लाइन परियोजना सहित कर्नाटक राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली 49,536 करोड़ रुपए की लागत की कुल 4,529 कि.मी लंबी कुल 36 परियोजनाएं (21 नई लाइन और 15 दोहरीकरण) योजना/स्वीकृति/कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। मार्च, 2020 तक, 935 कि.मी लंबाई पर यातायात शुरू कर दिया गया है और 13,618 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है।

(ख): वर्ष 2020-21 के दौरान गदग-वाडी नई लाइन परियोजना के लिए बजट अनुमान (बीई) परिव्यय 156 करोड़ रुपए है।

(ग): किसी भी परियोजना का समय से पूरा होना राज्य सरकार द्वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वन संबंधी मंजूरी, बाधक जनोपयोगी सेवाओं की शिफ्टिंग, सांविधिक मंजूरी, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक स्थिति, परियोजना साइट के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु स्थिति को ध्यान में रखते हुए परियोजना विशेष की साइट के लिए वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक साइट-दर-साइट भिन्न-भिन्न होते हैं और परियोजना के समापन समय को प्रभावित करते हैं। अतः इस समय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए, कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती।

******

Sk